विवरण

वर्ष	सीमावर्ती राज्य	सीमा पर पकड़े गये	वापस भेजे गए	राज्य पुलिस को सौंप गये
1987	1. जम्मू तथा कश्मीर	67	3	64
	2. पंजाब	2418	2004	414
	3. राजस्थान	1434	1098	336
	4. गुजरात	20	2	18
	5. आसाम	177	118	59
	6. मेघालय	98	58	40
	7. त्रिपुरा	3104	2742	362
	8. पश्चिमी बंगाल	25104	24123	981
	9. मिजोरम	28	—	28

जल मार्गों का विकास

848 **श्री रशीद मसूद :** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जलमार्गों के कार्यान्वयन हेतु अनेक योजनाएं वीकृति हेतु सरकार के पास लम्बित पड़ी हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) : राष्ट्रीय जल-मार्गों से भिन्न अन्य जलमार्गों के विकास की जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर होती है । तथापि, केन्द्र सरकार, कुछ महत्वपूर्ण स्कीमों के लिए, जो केन्द्र प्रायोजित स्कीम के रूप में शामिल की गई है, राज्य सरकारों को ऋण सहायता दे रही है । सातवीं योजना में शामिल 12 केन्द्र प्रायोजित स्कीमों मे से सात स्कीमें संस्वीकृत की गई है । आन्ध्र प्रदेश की चार स्कीमों की जांच की गई है तथा राज्य सरकार को उन सबको एक व्यापक स्कीम में समेकित करने हेतु अनुरोध किया गया है । उत्तर प्रदेश की एक स्कीम स्पष्टीकरण हेतु राज्य सरकार को भेजी गई है । राष्ट्रीय जलमार्ग के विकास संबंधी योजना में शामिल सभी स्कीमें संस्वीकृत की जा चुकी है तथा आधुनिकीकरण हेतु एक स्कीम पर अनुमोदन के लिए कार्रवाई की जा रही है ।

Inclusion of CCA for the purpose of computing income-tax

849. Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the recent judgement of the Calcutta High Court given on July 24, 1987 wherein it has been held that the amount paid as City Compensatory Allowance should not be included in the total income of the assessee for the purpose of computing income-tax;

(b) if so, whether Government have issued necessary orders in this behalf to the income-tax authroities; and

(c) if the answer to part (b) above be in the negative what are the reasons therefor and by when necessary orders are likely to be issued?